रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 5—दिसम्बर 11, 2009 (अग्रहायण 14, 1931)

No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 5—DECEMBER 11, 2009 (AGRAHAYANA 14, 1931)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 1047

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1127

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 77

भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं ... 1775

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम ..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश ..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 4269

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टें और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस ..... *

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..... *

भाग III—खण्ड-4—विधिक अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 9071

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 395

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक ..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1047

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1127

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence..... 77

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence..... 1775

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations..... *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations ..... *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) ..... *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..... *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 4269

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs..... *

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners..... *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies..... 9071

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 395

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi..... *

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2009

संख्या 112-प्रेज/2009 - राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट बहादुरी के लिए **"अशोक चक्र"** से सम्मानित करने की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1. **एस एस - 40576 मेजर डी. श्रीराम कुमार, 39 असम राइफल**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 23 अक्तूबर, 2008)

मेजर डी. श्रीराम कुमार ने मणिपुर में अपने अनुकरणीय नेतृत्व और जानकारी के बल पर एक जबरदस्त एवं जानदार आसूचना नेटवर्क बना लिया था।

इम्फाल पूर्व, जिले के एक गांव में 10-15 सशस्त्र आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता आसूचना मिलने पर 23 अक्तूबर, 2008 को 1730 बजे मेजर डी. श्रीराम कुमार ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए आपरेशन शुरू किया।

संदिग्ध स्थान पर पहुंचकर उन्होंने आतंकवादियों के भागने के रास्तों पर कई घात लगाए। ललकारे जाने पर आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध भारी गोलाबारी शुरू कर दी और उनके घात करने वाले क्षेत्र को चारों तरफ से घेर लिया। स्थिति का अनुमान लगाते हुए यह अफसर अचूक गोलाबारी करते हुए आंतकवादियों से भिड़ गया और मौके पर ही दो आतंकवादियों को मार गिराया।

आमने-सामने की इस भीषण लड़ाई में मेजर डी. श्रीराम बाकी आतंकवादियों की तरफ बढ़ते गए । अपने बहादुर अफसर के हिम्मत भरे कारनामे से प्रेरणा पाकर उसकी मातहत टुकड़ी ने तुरंत उसका अनुसरण किया । खोदे गए गड्ढे से दो आतंकवादियों को गोलाबारी करते हुए दिखाई देने पर मेजर डी. श्रीराम कुमार ने अपने साथियों से उन्हें गोलाबारी से आड़ देने के लिए कहा और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर घुटने के बल चल कर उनके पास तक पहुंच गए और बिल्कुल करीब से दो आतंकवादियों को मार गिराया।

मेजर डी. श्रीराम कुमार ने जानलेवा भीषण गोलाबारी के बीच अनुकरणीय नेतृत्व व उत्कृष्ट बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए अकेले ही चार आतंकवादियों को मार गिराया।

2. **आई सी-59066 मेजर मोहित शर्मा, सेना मेडल, 1 पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष दल) (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 21 मार्च, 2009)

मेजर मोहित शर्मा उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में चलाए जा रहे आपरेशनों के ब्रावो आक्रामक दल का नेतृत्व कर रहे थे। 21 मार्च, 2009 को, घने जंगल में घुसपैठ कर रहे कुछ आतंकवादियों के होने की खबर प्राप्त होने पर, उन्होंने बड़ी बुद्धिमानी से योजना बनाई और उनका पता लगाने के लिए अपने कमांडों का नेतृत्व किया। संदेहास्पद गतिविधि देखकर उन्होंने अपने साथियों को सावधान किया मगर आतंकवादियों ने तीन तरफ से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। भारी गोलाबारी में चार कमांडों घायल हुए। मेजर शर्मा ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर तुरंत घुटनों के बल चलने लगे और दो सैनिकों को सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया। जबरदस्त गोलाबारी से बेपरवाह रहते हुए उन्होंने ग्रेनेड फैंके और दो आतंकवादियों को मार गिराया किंतु उनके सीने में गोली लग गई। इस बीच घायल होने पर भी वे अपने कमांडों को निर्देश देते रहे। अपने साथियों को आगे खतरे में भांप कर वे गुथमगुत्था की लड़ाई में भिड़ गए और दो और आतंकवादियों को मार गिराया और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं के अनुरूप मातृभूमि के लिए लडते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

मेजर मोहित शर्मा, सेना मेडल ने इस प्रकार उत्कृष्ट बहादुरी, अनुकरणीय नेतृत्व और अदम्य साहस का परिचय दिया और आतंकवादियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान किया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 113-प्रेज/2009 - राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट बहादुरी के लिए **"कीर्ति चक्र"** से सम्मानित करने की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1 **2994546 नायक ऋषिकेश गुर्जर, राजपूत रेजिमेंट/ 10 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 08 नवंबर, 2008)

08 नवंबर, 2008 को जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले में चलाए जा रहे आपरेशन के दौरान आक्रामक दल के सदस्य के रूप में नायक ऋषिकेश गुर्जर एक जबरदस्त किलाबंद गुफा के भीतर आतंकवादियों के छिपे होने की पुष्टि करने के लिए स्वयं आगे आए। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर अत्यधिक साहस के साथ वे गुफा की ओर जाने वाले कगार पर रेंगकर चढ़ गए और आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे भारी गोलाबारी के दौरान गुफा के भीतर ग्रेनेड फैंके।

अपनी सूझबुझ का परिचय देते हुए, वे स्वयं ही आगे आए और प्रवेश द्वार के नीचे कंटीला तार बिछा दिया। अपनी जान को भारी जोखिम में डालते हुए उन्होंने धुंआवाली मोमबत्तियों और मिट्टी के तेल से भीगी घास के गठरों को वहां रख दिया और उसके बाद उसमें आग लगा दी ताकि आतंकवादियों को वहां से भगाया जा सके। इसके बाद उन्होंने मोर्चे को संभाला और अंधाधुंध गोलाबारी कर रहे आंतकवादियों की भारी गोलियों का मुकाबला करते हुए उनमें से एक आतंकवादी को काफी करीब से मार गिराया। बाकी दो आंतकवादी उसके तुरंत बाद बाहर निकल आए। आतंकवादियों का पूरे साहस और दृढ़ निश्चय के साथ मुकाबला करते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर उन्होंने गुथ्थमगुथ्था की लड़ाई में अकेले ही काफी नजदीक से उन दोनों को मार गिराया।

नायक ऋषिकेश गुर्जर ने उन तीनों आतंकवादियों का सफाया करने में अदम्य साहस, निर्भिकता और उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय दिया।

2. **आई सी-59630 मेजर अमित ओस्कर फर्नांडीस, 7 मराठा लाईट इन्फैंट्री**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 16 नवंबर, 2008)

16 नवंबर, 2008 को जम्मू एवं कश्मीर के बारामूला जिले के एक गांव के पास एक "खोजो और नष्ट करो" आपरेशन शुरू किया गया। 20:45 बजे मेजर अमित ओस्कर फर्नांडीस के अधीन काम कर रहे 5 अन्य रैंकों का खोजी दल जनरल एरिया में मौजूद था। अंधेरा होने तथा ऊंची नीची भूमि के कारण, अफसर को आतंवादियों की गतिविधियों का पता तब चला जब आतंकवादी उसके बहुत करीब थे। मेजर फर्नांडीस ने आतंकवादियों के ऊपर जबरदस्त गोलाबारी करनी शुरू कर दी और उनमें से दो को मार गिराया। एक आतंकवादी ने उनकी ओर फायरिंग कर दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए गोलाबारी करते हुए मेजर फर्नांडीस ने बैरल सहित आतंकवादी के हथियार को खींच लिया और उसे दूर फैंक दिया। बैरल के गरम होने की वजह से उनका हाथ जल गया और एक गोली उनके बुलेट प्रूफ जैकेट के भीतर जाकर लग गई। उसे छुड़ाने के लिए आतंकवादी ने उनके अंगूठे को काट लिया। फिर भी मेजर फर्नांडीस ने लड़ रहे आतंकवादी से हथियार को छीन लिया और उसे मार गिराया।

मेजर फर्नांडीस ने अपने अदम्य साहस दृढ़ निश्चय तथा मौके पर कार्रवाई करके अपने साथियों की जान बचाई साथ ही साथ तीन दुर्दांत आतंकवादियों का भी सफाया किया।

3. **आईसी-61379 मेजर दीपक तिवारी, इलेक्ट्रानिकी एवं यांत्रिकी इंजीनियरिंग कोर/14 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 28 नवंबर, 2008)

27 नवंबर, 2008 को मेजर दीपक तिवारी को बिग्रेड से विशेष खबर मिली कि जम्मू एवं कश्मीर के एक गांव के किसी घर में पांच आतंकवादी छिपे हुए हैं। घनघोर काली रात में वे तत्परता से निकल पड़े और इस प्रकार उन्होंने अपनी त्वरित गति से आतंकवादियों को आश्चर्य में डाल दिया। 28 नवंबर, 2008 को 0015 बजे लक्ष्य के पास पहुंचने पर अफसर ने सुना कि आतंकवादी घर से निकलकर उनकी ओर आ रहे हैं। आतंकवादियों ने भारी गोलाबारी शुरू कर दी, अपनी टुकड़ी को देखकर अफसर ने गोलाबारी के बावजूद, अपने फौलादी साहस और सूझ बूझ का परिचय देते हुए जवाबी कार्रवाई की और चार आतंकवादियों का पीछा किया जो एक चट्टान के पीछे कूद गए। आतंकवादी की गोलाबारी का मुकाबला करते हुए अफसर बिजली की माफिक आगे बढ़ा और लगभग तीन मीटर के काफी करीब बंदूक की लड़ाई में अकेले ही तीन आतंकवादियों का सफाया कर दिया और चौथे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बहादुर अफसर ने इसके बाद अपने दल को व्यक्तिगत नेतृत्व प्रदान किया जिसके परिणामस्वरूप पांच दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया किया जा सका।

मेजर दीपक तिवारी, ने आतंकवादियों से लड़ते हुए जानलेवा खतरे के बीच उत्कृष्ट बहादुरी, नेतृत्व और पेशेवर सूझबूझ का प्रदर्शन किया।

4. **9113063 पैराट्रूपर शबीर अहमद मलिक, 1 पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल) (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 21 मार्च, 2009)

एक तेजतर्रार देशभक्त पैराट्रूपर शबीर अहमद मलिक अपने प्यारे वतन कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में भाग लेने के लिए स्वेच्छा से आगे आए। उन्होंने अपनी टुकड़ी का स्काउट के रूप में नेतृत्व करने के लिए स्वयं निर्णय लिया। 21 मार्च, 2009 को उनकी टुकड़ी घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के एक समूह का पता लगा रही थी। ज्योंही उन्होंने चलने की आहट पाई, अपने साथी कमांडों को सावधान कर दिया। आतंकवादियों ने अचानक तीन ओर से अत्यधिक मात्रा में गोलाबारी करनी शुरू कर दी और उनके साथियों को बंदूक की गोलियों से चोट लग गयी । साथियों के ऊपर खतरे का अंदेशा भांपकर ग्रेनेड फैंकते हुए तथा घुटने के बल चलते हुए एवं

2—351 GI/2009

आतंकवादियों पर गोली चलाते हुए एवं इस क्रम में बिल्कुल नजदीक से एक आतंकवादी को जान से मारकर उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया। इस गोलाबारी की लड़ाई में, उन्हें गोलियों की गंभीर चोटें आई फिर भी वे अपने साथियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने में कामयाब रहे। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भी गुत्थमगुत्था की लड़ाई में उन्होंने एक दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया और गोलाबारूद की लड़ाई के दौरान अपने साथियों का हौसला बढ़ाते हुए घटना स्थल से जाने से मना कर दिया। उनके इस सर्वोच्च बलिदान से कश्मीर घाटी में इससे पूर्व कभी न हुआ था। मातम का दृश्य छा गया। मातृभूमि के लिए लड़ने के लिए लोगों ने उन्हें सम्मान दिया तथा कईयों ने इस शहीद के चरण-चिह्नों का अनुकरण करने का प्रण किया।

शबीर अहमद मलिक ने आतंकवादियों से लड़ते हुए उत्कृष्ट साहस, सखाभाव का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 114-प्रेज/2009 - राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट बहादुरी के लिए **"शौर्य चक्र"** से सम्मानित करने की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1. **श्री डेविड करकेटा, लांस नायक चौथी बटालियन उड़ीसा विशेष सशस्त्र पुलिस (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख - 27 जुलाई, 2007)

एक व्यापारी की शिकायत पर धन उगाही और अपहरण की गतिविधियों में संलिप्त अंतर-राज्यीय अपराधियों को पकड़ने के लिए एक पुलिस टुकड़ी का गठन किया गया था। श्री डेविड करकेटा, लांस नायक, चौथी बटालियन उड़ीसा, विशेष सशस्त्र पुलिस (ओएसएपी) उसी टुकड़ी के सदस्य थे। टुकड़ी ने इस अपराधी गिरोह को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार की। 27 जुलाई, 2007 को उगाहीकर्ताओं के कहे के मुताबिक शिकायतकर्ता की स्कार्पियो गाड़ी को ट्रेजर गेट के सामने किरिबुरू स्क्वायर के पास पार्क कर दिया गया जहां मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी स्कार्पियो गाड़ी के पास पहुंचे और नकद धन राशि सुपुर्द करने के लिए कहने लगे। रणनीति के अनुसार उड़ीसा विशेष सशस्त्र पुलिस के श्री डेविड करकेटा इस गाड़ी में छिपे हुए थे।

श्री डेविड करकेटा गाड़ी से कूद गए और झट से मोटर साइकिल पर पीछे सवार अपराधी को पकड़ लिया। जब अपराधियों को लगा कि वे अब दबाव में आ गए हैं तो दूसरे बदमाशों ने गोली चलानी शुरू कर दी। गोली श्री डेविड के सिर पर लगी और वे जमीन पर गिर पड़े। श्री करकेटा अपने घाव की वजह से 28-07-07 को हास्पीटल में चले बसे। इस घटना में गिरोह के एक सदस्य को पकड़ लिया गया और बाद में धन उगाही करने वाले उस गिरोह का पर्दाफाश हुआ।

श्री डेविड करकेटा ने अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया और संपूर्ण समर्पण के साथ अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

2. **श्री मनोज कुमार सिंह, निरीक्षक, 10 वीं बटालियन त्वरित प्रतिकिया दल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 03 जनवरी, 2008)

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के तीव्र प्रतिक्रिया दल के 10 वीं बटालियन के निरीक्षक, श्री मनोज कुमार सिंह की तैनाती अफगानिस्तान में सीमा सड़क संगठन के कार्मिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए हुई थी। 3 जनवरी, 2008 को 1645 बजे उन्हें सूचना मिली कि मोटरसाइकिल में रखा एक बम तालिबान प्रभावित शहर से क्वैटी आपरेशन करके लौट रहे सीमा सड़क संगठन के काफिले के समक्ष विस्फोट कर गया है। वह तुरंत विस्फोट स्थल की और दौड़ पड़े।

मौके पर पहुंच कर उन्होंने स्थिति का जायजा लिया ओर काफिले को और हमलों से बचाने के लिए अपनी टुकड़ी को तैनात कर दिया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उन्होंने ट्रेफिक से सड़क को खाली करा दिया ओर काफिले को मोड़ देने का प्रबंध करते हुए इसे सुरक्षित जगह पहुंचा दिया। जब वे आश्वस्त हो गए कि काफिले की सभी गाड़ियां सुरक्षित हैं तो उन्होंने अपने दल को फिर से संगठित किया ताकि वे मुख्यालय वापस लौट सकें । तभी एक आत्मघाती बमवर्षक आतंकवादी ने उनके बिल्कुल पास में ही स्वयं को बम से उड़ा लिया । उन्हें गंभीर चोटें आई और घटना स्थल पर ही दिवंगत हो गए।

श्री मनोज कुमार सिंह ने इस प्रकार, उत्कृष्ट साहस, दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ओर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जीवन न्यौछावर किया।

3. **श्री देशा सिंह, सिपाही, 12 वीं बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 03 जनवरी, 2008)

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 12 वीं बटालियन के सिपाही श्री देशा सिंह उस त्वरित कार्रवाई दल के सदस्य थे जो अफगानिस्तान में सीमा सड़क संगठन के कार्मिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किया गया था। 03 जनवरी, 2008 को 1645 बजे, त्वरित कार्रवाई प्रतिक्रिया दल को यह सूचना मिली कि तालिबान प्रभावित शहर से क्वैटी आपरेशन करके लौट रहे बी आर ओ के काफिले के समक्ष मोटर साइकिल में रखा एक बम विस्फोट कर गया है । त्वरित प्रतिक्रिया दल तुरंत विस्फोटक स्थल पर पहुंच गया।

श्री देशा सिंह ने स्थिति का मूल्यांकन किया और समय बबार्द किए बिना उन्होंने वैकल्पिक रास्ते की तलाश की और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर काफिले और क्यू आर टी कमांडर के साथ सहयोग किया और व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित किया कि सभी गाड़ियों को विस्फोटक स्थल से हटा लिया जाए और उन्हें सुरक्षित पहुंचा दिया जाए। यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि काफिले की हरेक गाड़ी सुरक्षित है, वह अपनी टीम के साथ मुख्यालय वापस आ रहे थे कि तभी एक आत्मघाती बम धारक ने उनके पास ही अपने को उड़ा लिया। उन्हें गंभीर चोटें लगी और बाद में वे अपनी चोट के कारण दिवंगत हो गए।

श्री देशा सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और कर्तव्य करते हुए अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

4. **श्री ओंकार नाथ, सिपाही, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (दूसरी बटालियन)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 05 जून, 2008)

श्री ओंकार नाथ सिपाही, 2 बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस अफगानिस्तान में परियोजना जंगजू के अंतर्गत सुरक्षा ड्यूटी पर थे। 05 जून, 2008 को सड़क निर्माण हेतु पत्थर निकालने के दिन के कार्य को करने के बाद वह रजई क्वारी से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के काफिले की अग्रणी सुरक्षा कवच पंक्ति में चल रहे थे। राजमार्ग पर पहुंचने से पहले काफिला राजमार्ग को सुरक्षित करने और छानबीन करने के लिए रूका। तभी, विस्फोट सामग्री लदी एक कोरोला गाड़ी बड़ी तेज रफ्तार से काफिले की और आई। श्री नाथ अभी गोली चलाते तभी आत्मधाती बम वाहक ने अपने को उड़ा दिया और गाड़ी में उनके पास ही विस्फोट हो गया। आंख की रोशनी खत्म होने जैसी अनेक चोटों के बावजूद भी उन्होंने विस्फोटक गोलों से लदे क्यू आंर टी गाड़ी सुरक्षित जगह हटा दी तथा और विस्फोट होने से रोक दिया। इसके पश्चात् उन्होंने उस क्षेत्र को कब्जे में ले लिया जिससे तालिबान द्वारा संभावित चुनौती को विफल किया जा सका। श्री ओंकार नाथ ने तुरंत मुख्यालय को सूचित किया और अन्य चोटिल कार्मिकों को वहां से हटाने में सहायता प्रदान की।

श्री ओंकार नाथ ने अति भीषण परिस्थिति में अनुकरणीय साहस और बुद्धिमता का प्रदर्शन किया तथा अनेक लोगों की जान बचाई।

5. जी एस 173875 एन ओ ई एम ग्रेड-।। श्री सतीश कुमार, सीमा सड़क संगठन

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 11 अगस्त, 2008)

भारी वर्षा के कारण 11 अगस्तस, 2008 को सड़क से 67 किलोमीटर की दूरी पर एक बड़ा भूस्खलन हुआ। शुरू होने के समय से ही भूस्खलन बहुत तेज था। इसकी वजह से आदमी और मशीनों की सफाई करने के लिए लगाया जाना कठिन था। लगातार भारी पत्थरों के गिरने की वजह से इस घटना में छह लोगों की जान गई। चूंकि यह सड़क भूटान की जीवन रेखा के समान है अतः इसको साफ किया जाना आवश्यक था। तथापि, भारी खतरे को देखते हुए मिनिस्टर ऑफ भूटान ने जो मौके पर मौजूद थे, सबको भूस्खलन के पास जाने से मना कर दिया था।

इन परिस्थितियों में आपरेटर कार्यकारी मशीनरी, सतीश कुमार भूस्खलन को साफ करने के लिए स्वयं आगे आए। लुढ़कते हुए भारी-भारी पत्थरों से बेपरवाह, भीषण खतरे के बावजूद भी अपनी जान की चिंता किए बगैर उन्होंने अनुकरणीय साहस दर्शाया और भूस्खलन स्थल को साफ किया। अपनी जान पर बारंबार आ रहे जोखिम के बावजूद भी आपरेटर कार्यकारी, मशीनरी सतीश कुमार कई दिनों तक भूस्खलन साफ करते रहे जब तक कि सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो गई।

आपरेटर कार्यकारी मशीनरी ग्रेड-।। सतीश कुमार ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय तथा अपनी जान को जोखिम में डालने के मूल्य पर भी अपने दैनन्दिनी ड्यूटी से परे असाधारण कोटि के सेवा भाव का प्रदर्शन किया।

6. 9098809 लांस नायक सुभाष चन्दर, 10 जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 20 अगस्त, 2008)

20 अगस्त, 2008 को लांस नायक सुभाष चन्दर, आतंकवादियों को मारने के लिए शुरू की गई सैन्य टुकड़ी के स्काउट का नेतृत्व कर रहे थे। ये आतंकवादी मणिपुर में एक गांव से चलकर किसी अन्य गांव में एकत्रित हुए थे जिसकी सूचना अपने ही स्रोतों से मिली थी। यह टुकड़ी प्रतिकूल मौसम और घने जंगलों के बीच कंपनी आपरेटिंग बेस से चुपके से रवाना हुई। लगभग 1130 बजे लांस नायक सुभाष चन्दर ने सूझबूझ तथा बुद्धिमत्ता दिखाते हुए अपनी टुकड़ी को आतंकवादियों की संभावित चाल के बारे में सावधान किया। परिणामस्वरूप, गोलाबारी में उनकी टुकड़ी गांव में समीपता की वजह से पूरे नियंत्रण के साथ फायरिंग कर रही थी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी गांव वाले को चोट न लगे उन्होंने आतंकवादियों को जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर दिया।

इस घेराबंदी में उनके जबड़े पर गोली लग गई। अपनी गंभीर चोट और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने गोलाबारी जारी रखी और दो आतंकवादियों को मार गिराया। बाद में लांस नायक सुभाष चंदर अपने ही चोट के कारण दिवंगत हो गए।

लांस नायक सुभाष चंदर ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में भारतीय सेना की उच्च परंपराओं के अनुरूप कर्तव्यपरायणता का कीर्तिमान स्थापित करते हुए बहादुरी और उच्च दर्जे के साहस का प्रदर्शन किया।

7. **आईसी-62272 मेजर रत्नेश कुमार सिंह, राजपूत रेजिमेंट/58 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 21 सितंबर, 2008)

21 सितंबर, 2008 को मेजर रत्नेश कुमार सिंह उस दल और खोज आपरेशन के सदस्य थे जो जम्मू एवं कश्मीर के रामबन जिले के सामान्य क्षेत्र में तैनात था। 1530 बजे, अफसर टुकडी के पास के खेतों में छिपे हुए आतंकवादियों ने उनकी टुकड़ी के ऊपर निशाना बनाकर गोलाबारी कर दी जिससे एक जवान हताहत हो गया। अफसर ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और गंभीर रूप से एक आतंकवादी को घायल कर दिया और दूसरे को काफी नजदीक से मार गिराया। इस बहादुरी भरे कारनामें से आतंकवादियों के हौसले पस्त हो गए जिससे घायल जवानों को निकाला जा सका और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जा सकी। तीसरा आतंकवादी, इस बीच मुश्तैदी से लड़ाई में डटा रहा। अपने जवानों को मक्के के खेत में खतरे में फंसा देख अफसर अंधेरे के बावजूद भी घुटने के बल मक्के के खेत तक पहुंच गया और काफी करीब जाकर तीसरे आतंकवादी को मार गिराया।

मेजर रत्नेश कुमार सिंह ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अद्वितीय बहादुरी, सखाभाव और सूझबूझ का प्रदर्शन किया।

8. **स्क्वाड्रन लीडर हरकीरत सिंह (26696) उड़ान (पायलट)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 23 सितंबर, 2008)

23 सितंबर, 2008 को स्कवाड्रन लीडर हरकीरत सिंह को अंधेरी रात में बिसोन एयरक्राफ्ट पर दो एयर क्राफ्ट प्रेक्टिस इंटरसेप्शन सोर्टी को उड़ाने का आदेश मिला था। चार किलोमीटर की ऊंचाई पर अवरोधन चरण के दौरान जब पायलट ने बताई गई गति तक त्वरण पैदा करने के लिए रिहीट में लगा हुआ था तभी उसकी पेरिफरल विजन में एक फ्लैश दिखी और इंजन से तीन जोरदार धमाकों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तुरंत इंजन को रिहीट करना बंद कर दिया। तथापि, प्रति मिनट के रोटेशन और जेट पाइप के ताप पर हवा पड़ती रही और इंजन से लाइट बाहर निकलने का संकेत मिलता रहा।

इसके परिणामस्वरूप जोर पड़ना पूरी तरह बंद हो गया, गति कम पड़ गई और इंजन नीचे उतरने लगा । उन्होंने हेड अप डिस्पले के ऊपर ऊंचाई संबंधी आंकड़े उड़ान खत्म होने और बहु कार्यशील डिस्पले भी देखे । इसके अलावा, काकपिट से रोशनी चली गई। केवल बैटरी चालित इमर्जेंसी फ्लड लाइट उपलब्ध बची थी । मरूस्थल में काली अंधेरी रात में जमीन पर कुछ जगहों पर ही दिखाई दे रही रोशनी और आकाश में दिखाई दे रहे तारों के बीच ध्यान कभी भी तेजी से बंट सकता है। इसके अलावा, यह भी समझा जा रहा था कि लपट निकलने जैसी अत्यधिक आकस्मिकता की स्थिति आ सकती है । इसमें भी मद्धिम काकपिट लाइट में उपलब्ध सीमित संख्या में हेड डाउन उपकरणों से ही भी डिसओरिएन्टेशन की स्थिति आ सकती थी । इन सबके साथ, लपट निकालता हुआ इंजन मिग-21 श्रेणी के एयरक्राफ्ट पर अत्यधिक संवेदनशील प्रकृति की इमर्जेंसी पायलट के समक्ष प्रस्तुत कर रहा था।

अत्यधिक आकस्मिकता महसूस करने के बावजूद भी स्कवाड्रन लीडर एच सिंह ने शांतिपूर्वक स्थिति का मूल्यांकन किया और बड़ी संजीदगी एवं नियंत्रित ढ़ंग से उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। गति में तेजी से आ रही कमी को रोकने के लिए, उन्होंने तुरंत आक्रमण के कोण को कम कर दिया इस प्रकार एयर क्राफ्ट को रुकने की स्थिति में जाने से रोक दिया। इसके बाद बिना और विलंब किए उन्होंने फिर से रोशनी जलाने का कार्य शुरू किया। ऐसा करते हुए वे अंधेरी रात की स्थिति में एयरक्राफ्ट चलाने के कठिन काम को करते रहे। सफल रिलाइट और काकपिट की लाइट बहाल करने के बाद उन्होंने अपना जमीन पर सर्विलेंस रेडार एप्रोच द्वारा फाइनल एप्रोच की स्थिति में ग्राउंड कंट्रोल इंटरसेप्ट कंट्रोलर से सहायता के साथ आन बोर्ड नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल किया। पायलट ने इसके बाद अंधेरी रात में ओवरवेट लैंडिंग के लिए अगले चुनौतीपूर्ण कार्य का सामना किया। अंधेरी रात

की इस आकस्मिकता में एयरक्राफ्ट उतारने में उच्च कोटि के कौशल स्तर की आवश्यकता होती है। ऐसी प्रतिकूल दशा में बिल्कुल शांत मानसिक दशा में अनुकरणीय पायलटिंग कौशल से एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक बहाल किया जा सका। इस एयरक्राफ्ट को बचाने का यह काम उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए पूरी तरह परवाह न करते हुए किया। पायलट द्वारा किसी भी गलत इनपुट अथवा विलंबित कार्य से जानलेवा दुर्घटना हो सकती थी। उतरने के बाद, उन्होंने रनवे को साफ किया और स्वीच आफ किया। इस प्रकार दूसरे एयरक्राफ्ट को बचाया जा सका। उनकी त्वरित और सही कार्यवाही से प्रथम श्रेणी की एक बड़ी दुर्घटना को रोका जा सका और मूल्यवान एयरक्राफ्ट को बचाया जा सका।

स्कवाड्रन लीडर हरकीरत सिंह ने आपातस्थिति में सफलतापूर्वक कार्य करके अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया और एक बहुमूल्य संपत्ति की हिफाजत की।

9. **आईसी-64795 मेजर अंकुर गर्ग, इंजीनियर्स कोर/ 24 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 25 सितंबर, 2008)

जम्मू एवं कश्मीर में घुसपैठ कर रहे 13 आतंकवादियों के एक गिरोह को पकड़ने के लिए 24 सितंबर, 2008 को एक आपरेशन चलाया गया। मेजर अंकुर गर्ग ने 3500 फीट की उँचाई पर अपनी छोटी टुकड़ी के साथ नेतृत्व किया।

काफी उबड़-खाबड़ भूक्षेत्र तथा प्रतिकूल मौसमी दशाओं में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई जिसमें मेजर अंकुर गर्ग और उनकी टुकड़ी को आतंकवादियों के भागने से रोकने के लिए बिछाए जा रहे घेरे का एक हिस्सा बनाया गया।

25 सितंबर, 2008 को लगभग 0230 बजे फंस गए 13 आतंकवादियों में से 2, घेरे को तोड़ने के उद्देश्य से बिना शिनाख्त हुए ही सही स्थिति में पहुंच गए और उनकी टुकड़ी के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। वे आतंकवादियों की इस चाल से सन्निहित खतरे को भांप गए और अपने मातहतों तथा पूरे आपरेशन को बता दिया। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर उन्होंने आतंकवादी की गोली की दिशा में चार्ज किया गया कवर छोड़ दिया और गुत्थमगुत्था की लड़ाई में उनका सफाया किया । इस पर घुसपैठ के लिए प्रयास किए जा रहे प्रयास को रोक दिया गया। इस बहादुरी भरे कारनामें की वजह से आतंवादियों के हौसले पस्त हो गए और वे घेरे को तोड़कर भागने से रह गए। इस प्रकार बाकी बचे 11 आतंकवादियों का सफाया किया गया।

मेजर अंकुर गर्ग ने इस प्रकार आतंकवादियों का सामना करने में उत्कृष्ट बहादुरी और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

10. **आई सी 62248 मेजर सौरव दत्त खोलिया, कवचित कोर/22 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 09 अक्तूबर, 2008)

एक घर में आतंकवादियों के होने के बारे में विशेष सूचना प्राप्त होने पर 09 अक्तूबर, 2008 को जम्मू एवं कश्मीर में एक गांव में घेरा डालने और खोज करने का आपरेशन शुरू किया गया। मेजर सौरव दत्त खोलिया ने स्थल का व्यक्तिगत रूप से चुनाव किया और अपनी टुकड़ी के साथ लक्षित घर जिसमें आतंकवादियों के छिपे थे के चारों और जबरदस्त घेरा डाल दिया। आतंकवादियों द्वारा भारी गोलाबारी शुरू कर दी गई। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर अफसर रेंगकर गया और एक-एक करके तीन तत्काल विस्फोट होने वाले उपकरण लगा दिए। उन्होंने बड़ी बुद्धिमानी से काम किया और आम नागरिकों को हताहत होने और साथ ही होनेवाले नुकसान

को होने से बचाया। अफसर अडिग साहस के साथ आतंकवादियों से आमने-सामने की गोलाबारी में लगा रहा और अकेले ही दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया जिसमें से एक उत्तरी कश्मीर में आतंकवादी सरगने का चीफ आपरेशन कमांडर था।

मेजर सौरव दत्त खोलिया ने आंतकवादियों के विरुद्ध लड़ने में भारी प्रतिकूल स्थिति होने के बावजूद भी अदम्य साहस और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

11. **15330627 लांस नायक सुजीत बाबू वी, इंजीनियर्स कोर/38 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 14 अक्तूबर, 2008)

लांस नायक सुजीत बाबू वी उस दल के सदस्य थे जो जम्मू एवं कश्मीर में "आपरेशन रक्षक" के दौरान तैनात था।

13/14 अक्तूबर, 2008 को सूचना मिली की जम्मू एवं कश्मीर के पूंछ जिले के एक गांव में दुर्दांत आतंकवादी सरगना का रिजनल कमांडर जम्मू रीजन में मौजूद है। उसके छिपने की जगह एक चट्टान के नीचे थी जिसके लिए एक पतला रास्ता था। जब रास्ते को खोलने के लिए सभी प्रयास विफल हो गए तब लांस नायक सुजीत बाबू वी एक वैकल्पिक रास्ता खोलने के लिए प्रयास करने तथा आतंकवादियों को पकड़ने के लिए स्वयं ही आगे आए। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और रास्ते को खोलने के लिए दो गोलाबारूद लगा दिया। वह तीसरा बारूद रखने के लिए रेंगकर जा रहे थे तभी आतंकवादी ने अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। लांस नायक सुजीत बाबू वी को बंदूक की गोलियों से कई चोटें आई। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और आतंकवादी की गोलाबारी में साहस का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी चोटों का शिकार बनने से पहले तीसरे गोले को भी लगा दिया और उसे सक्रिय कर दिया। इसके फलस्वरूप चट्टान के नीचे रास्ते का मुंह चौड़ा हो गया और दुर्दांत आतंकवादी का सफाया किया जा सका।

लांस नायक सुजीत बाबू वी ने चुनौतीपूर्ण ढंग से वीरता एवं समर्पण का प्रदर्शन किया और अपना सर्वस्व न्यौछावर किया।

12. **आईसी-57104 मेजर दिनेश सिह परमार, 2 सिख लाइट इंफैंट्री**

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 18 अक्तूबर, 2008)

18 अक्तूबर, 2008 को पुष्ट आसूचना रिपोर्ट के आधार पर मेजर दिनेश सिंह परमार जम्मू एवं कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में एक आपरेशन के दौरान खोजी दल का नेतृत्व कर रहे थे।

0955 बजे सर्च टुकड़ी के ऊपर के पुर्नप्रवेश वाले एक छिपने की जगह से आतंकवादियों ने भीषण गोलाबारी शुरू कर दी। मेजर परमार ने, तुरंत अपनी टुकड़ी को पोजीशन में लिया और आतंकवादियों के भाग निकलने के सारे रास्ते रोक दिए। तथापि, उनकी अपनी गोली आतंकवादियों जो ऐ के-47 और ग्रेनेड लांचर से लैस अपनी टुकड़ी के साथ गोलाबारी में संलग्न थे पर बेकार साबित हो रही थी। अपनी टुकड़ी पर गंभीर खतरा महसूस करते हुए, अपने साथियों से प्राप्त सुरक्षा फायर की मदद से अफसर ने घेरे को तोड़ दिया और बड़ी युक्ति के साथ नाले की ओर बढ़ गया और उनके छिपने की जगह पर जोरदार गोलाबारी कर दी और एक आंतकवादी को मार गिराया। फिर भी भारी गोलाबारी की वजह से अन्य आतंकवादियों के साथ भिड़ने से वे वंचित रहे। स्थिति का मूल्यांकन करते हुए तथा वास्तविक स्थिति का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करने के बाद वे आड़ा होकर उस छिपने की जगह पर पहुंच गए। गोपन के पास पहुंचने में आतंकवादियों की गोली से पेट पर गंभीर चोट के बावजूद भी वे

वहां तक पहुंच गए और अंदर की तरफ ग्रेनेड फैंक दिए। इस प्रकार दूसरे आतंकवादी का भी सफाया हो गया और उसने ग्रेनेड लांचर फायर को अत्यधिक रक्त बह निकलने के कारण सुरक्षित स्थान पर हटाए जाने से पहले ग्रेनेड लांचर को निष्क्रिय कर दिया।

मेजर दिनेश सिंह परमार ने अटूट साहस, हिम्मत और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया तथा कर्तव्य से ऊपर उठकर काम किया।

13. आई सी 63089 मेजर सुभरामन्यम आन्नद, 4 सिख लाइट इंफैंट्री

(पुरस्कार के प्रभावी होने की तारीख : 25 अक्तूबर, 2008)

25 अक्तूबर, 2008 को मिली एक सूचना के आधार पर कि असम के नलबाड़ी जिले के एक गांव में कुछ आतंकवादी हथियारों की खरीद-फरोख्त के लिए एकत्रित हो रहे हैं, एक सुविचारित एवं सुनियोजित आपरेशन की योजना बनाई गई तथा उसे किया गया। लगभग 2120 बजे छापामार दल उत्तर की ओर से लक्ष्य क्षेत्र के पास पहुंच गया। लक्ष्य क्षेत्र से लगभग 50 मीटर की दूरी पर कुछ लोग अंधाधुंध गोलाबारी करते हुए परिसर से बाहर आए। एक अलक्षित गोली मेजर आन्नद को लग गई। अफसर ने इस सदमें से विचलित हुए बिना ततक्षण बुद्धिमता का परिचय देते हुए अपनी टुकड़ी को दो भागों में बांट दिया ताकि भाग रहे आतंकवादियों को पीछा किया जा सके। अफसर ने एक टुकड़ी का नेतृत्व स्वयं किया और जब आतंकवादी नहीं रूके तो अफसर ने अपनी स्थिति संभाली और आतंकवादियों में से एक के ऊपर गोली दाग दी।

आतंकवादी को घायल कर दिया गया परंतु इससे पहले कि वह संपर्क को खत्म करने के लिए ग्रेनेड फैंकता अफसर ने उसे गोलियों की बौछार से शांत कर दिया। इस बीच दो अन्य आतंकवादियों ने आड़ ले ली थी और अंधाधुंध गोलाबारी करने लगे थे। अपने साथी के गोलाबारी की आड़ में यह अफसर 30 मीटर तक घुटने के बल रेंगकर गया और एक-एक करके दोनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया। उनके पास से हथियार, गोलाबारूद और अन्य उपकरण तथा भंडार बरामद कर लिए गए।

मेजर सुभरामन्यम आन्नद ने आतंकवादियों के विरूत्र लड़ाई में उत्कृष्ट अनुकरणीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया।

14. आईसी-61857 मेजर मनु शुक्ला, तोपखाना रेजिमेंट/11 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 अक्तूबर 2008)

मेजर मनु शुक्ला ने किश्तवाड़ (जम्मू-कश्मीर) जिले के एक गांव में 23-28 अक्तूबर 2008 तक एक ऑपरेशन चलाया। उन्होंने 23 अक्तूबर 2008 को 23 कि.मी. से अधिक की दूरी पर ऊबड़-खाबड़ भू-प्रदेश में आत्म-निर्भर दस्ते का नेतृत्व किया तथा अत्यधिक खराब मौसम में 48 घण्टे तक लक्षित क्षेत्र की निगरानी की।

27 अक्तूबर 2008 को 0745 बजे एक आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाहर आया जिसे इस अफसर द्वारा बिल्कुल नजदीक से मार गिराया गया। इस बीच छिपने के ठिकाने से बाकी आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की। अपने सैनिकों के प्रति खतरे को भांपते हुए, अफसर ने युक्तिचालन से छिपने के ठिकाने पर हथगोले फैंके जो फटे नहीं तथा अफसर आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के सामने आ गए जो छिपने के ठिकाने से बाहर निकल गए। करो या मरो की स्थिति में उन्होंने अत्यधिक बहादुरी से कार्रवाई की तथा नजदीक से दोनों आतंकवादियों को मार गिराया।इस बीच बाकी दो आतंकवादी शिलाखण्डों की आड़ लेकर बच निकले। इस अफसर

ने तुरंत अपने दल को पुनर्स्थापित किया जिसके परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी मारे गए। मेजर मनु शुक्ला ने आतंकवादियों से लड़ाई में असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

15. **स्क्वाड्रन लीडर तरुण कुमार चौधरी (25871), उड़ान (पायलट)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 नवंबर 2008)

14 नवंबर 08 को स्क्वाड्रन लीडर तरुण कुमार चौधरी को सीमा सुरक्षा बल के तीन हताहतों, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों तथा चुनाव आयोग के अधिकारियों को ले जाने का कार्य सौंपा गया था । स्क्वाड्रन लीडर चौधरी 08 नवंबर 2008 से छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक प्रचालन कर रहे थे। उनके नेतृत्व, साहस तथा कार्य प्रवीणता गुणों के कारण उन्हें हेलिकॉप्टर के कैप्टन के रूप में चुना गया था। राष्ट्रविरोधी तत्वों की हिंसा के कारण छत्तीसगढ़ के अशांत क्षेत्रों में नियमित उड़ान ऑपरेशनों में व्यस्त होने के बावजूद राज्य में योजनागत चुनाव प्रक्रिया की दिशा में अत्यधिक योगदान करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक कार्य करते हुए अपनी हिम्मत और योग्यता को सिद्ध किया। हेलिपैड पर उतरने तथा कार्मिक और उपस्करों को ले जाने के पश्चात 14 नवंबर 08 को उड़ान भरने के दौरान उनके हेलिकॉप्टर पर छोटे हथियारों तथा हल्की मशीनगनों से भारी गोलीबारी हो गई । हेलिकॉप्टर के मुख्य रोटर ब्लेडों, ईंधन टैंक तथा टेलबूम को भारी नुकसान हुआ। विमान को हुए नुकसान तथा शीघ्रता से हो रहे अंधेरे के कारण स्क्वाड्रन लीडर चौधरी ने गोलीबारी के बीच सर्वोच्च साहस का प्रदर्शन किया और विमान को कुशलता से संभाला तथा बड़े धैर्य के साथ विमान की उड़ने की योग्यता का सही-सही आकलन किया तथा निकटवर्ती एएनई की उपस्थिति के कारण प्रतिकूल भू-स्थिति का आकलन करके हेलिकॉप्टर को सुरक्षापूर्वक उड़ाकर वापस जगदलपुर ले गए। साहस, धैर्य और सूझबूझ के इस कार्य की वजह से हेलिकॉप्टर में सवार पंद्रह व्यक्तियों तथा वोटिंग मशीनों, जो सरकारी संपत्ति है को बचाया तथा एएनई के काम के लिए प्रतिकूल प्रचार सामग्री को टाला।

स्क्वाड्रन लीडर तरुण कुमार चौधरी ने राष्ट्र-विरोधी तत्वों की ओर से हो रही गोलीबारी के बीच असाधारण साहस तथा प्रतिकूल परिस्थिति में नेतृत्व तथा धैर्य का प्रदर्शन किया।

16. **776951 सार्जेंट मुस्तफा अली, फ्लाइट इंजीनियर (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 नवंबर 2008)

फ्लाइट इंजीनियर के रूप में तैनात सार्जेंट मुस्तफा अली वाले हेलिकॉप्टर को 14 नवंबर 2008 को राष्ट्र-विरोधी तत्वों से प्रभावित हेलिपैड से सीमा सुरक्षा बल के तीन हताहत कार्मिकों को बचाने का कार्य सौंपा गया था। सार्जेंट अली चुनाव ड्यूटी के लिए 08 नवंबर 2008 से छत्तीसगढ़ में कार्य कर रहे थे। इस कार्य के लिए तैनात किए जाने पर सार्जेंट अली ने इस बात की जानकारी होने के बावजूद कि सुरक्षा कार्मिकों, चुनाव ड्यूटी अधिकारियों तथा सरकारी संपत्ति पर नक्सलियों द्वारा हिंसक आक्रमणों की बार-बार की घटनाओं के कारण छत्तीसगढ़ एक अशांत क्षेत्र था मिशन शुरू करने का कार्य खुशी-खुशी स्वेच्छा से किया। सुदृढ़ सुरक्षा परिदृश्य तथा रह-रह कर होने वाली हिंसा के बावजूद विमान ने 14 नवंबर 2008 तक सफलतापूर्वक कार्य किया जिससे छत्तीसगढ़ में निर्बाध रूप से बुनियादी लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में मदद हुई। जीवन को खतरा होने के बावजूद सार्जेंट अली ने मिशन शुरू किया। हेलिकॉप्टर को हेलिपैड से हताहतों, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा चुनाव आयोग के कार्मिकों को ले जाने के लिए व्यावसायिक ढंग से उड़ाया गया। कार्मिक तथा उपस्करों को ले जाने के बाद हेलिपैड से उड़ान भरते समय हेलिकॉप्टर पर जमीन से राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा छोटे हथियारों तथा मशीनगनों से भारी गोलीबारी की गई । इनमें से एक गोली से सार्जेंट मुस्तफा अली घातक रूप से घायल हो गए।

सार्जेंट मुस्तफा अली ने प्रतिकूल सुरक्षा परिस्थितियों में राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यपरायणता के लिए अपने जीवन को न्योछावर करने में अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

17. **2792266 नायक पवार चंद्रभान भिकन, 7 मराठा लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 नवंबर 2008)

17 नवंबर 2008 को नायक पवार चंद्रभान भिकन जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिला के जनरल क्षेत्र में तलाशी दस्ते में शामिल थे। सहायता दल में लाइट मशीन गन नंबर I नायक पवार ने असाल्ट राइफल के लिए अपना हथियार तान लिया तथा तलाशी दल में शामिल हो गया। 1255 बजे नायक पवार ने लगभग तीन मीटर की दूरी पर सामने एक शिलाखण्ड के नीचे छुपे हुए आतंकवादी को देखा जो गोलीबारी करने के लिए तैयार था जिसको किसी ने नहीं देखा था। अपने साथियों के प्रति खतरे को भांपते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल भी परवाह न करते हुए नायक पवार ने निर्बाध गोलीबारी करके आतंकवादी पर आक्रमण कर दिया जिससे आतंकवादी उससे उलझने के लिए मजबूर हो गए, इस प्रकार उनके साथी बच गए। गुत्थमगुत्था की लड़ाई में नायक पवार ने आतंकवादी को मार डाला परंतु गोलियों के घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

नायक पवार चंद्रभान भिकन ने गोलीबारी के दौरान वीरता तथा साहस का प्रदर्शन किया और जीवन को दांव पर लगाकर विलक्षण कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

18. **2599664 लांस हवलदार लुईस पेरियारा नायागम, मद्रास रेजिमेंट/8 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 दिसंबर 2008)

लांस हवलदार लुईस पेरियारा नायागम जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जनरल एरिया में शिलाखण्डों में छिपे आतंकवादियों को बच निकलने से रोकने के लिए स्थापित किए गए घेरे में शामिल थे। उक्त व्यक्ति ने अपनी छोटी सी टीम का नेतृत्व करते हुए 18 दिसंबर 08 को अचूक गोलीबारी करके आतंकवादियों को दबोच लिया तथा अंधेरा और ठंड का फायदा उठाकर बच निकलने के उनके प्रयास को विफल कर दिया।

प्रात: ही वह स्वेच्छा से आगे बढ़े क्योंकि आतंकवादियों ने हथगोला आक्रमण तथा छोटे हथियार से गोलीबारी से बचाव कर रखा था। भारी गोलीबारी के बीच वह बगल से रेंगकर शिलाखण्डों की तरफ गए तथा हथगोला फेंका जिससे वांछित परिणाम नहीं आए। इस बात को महसूस करते हुए वह उस शिलाखण्ड पर चढ़े जिसकी आतंकवादियों ने आड़ ले रखी थी और उसका साथी गोलीबारी से सहायता कर रहा था। आतंकवादियों को निकालने हेतु उन्होंने अपने साथी से शिलाखण्डों के नीचे हथगोले फेंकने के लिए कहा। हथगोले के फटने पर, व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना वह शिलाखण्ड से दो आतंकवादियों पर टूट पड़ा तथा अकेले ही उनको मार डाला।

लांस हवलदार लुईस पेरियारा नायागम ने आतंकवादियों से लड़ाई में उच्च दर्जे की दृढ़ता, अडिग साहस तथा अथक परिश्रम का प्रदर्शन किया।

19. **9107449 राइफलमैन मोहम्मद अब्दुल अमीन भट्ट, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/57 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 जनवरी 2009)

28 जनवरी, 2009 को जम्मू-कश्मीर के एक गांव में आतंकवादियों के होने की खास सूचना के आधार पर एक घेरा तथा तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया था। घर की तलाशी लेते समय राइफलमैन मोहम्मद अब्दुल अमीन भट्ट ने लगभग 0830 बजे संदिग्ध गतिविधि को देखा। व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना वह छुपे

हुए आतंकवादियों की ओर बढ़े। आतंकवादियों के द्वारा की जा रही गोलीबारी के बावजूद फौलादी इरादों तथा उत्कृष्ट रण-कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने एक कट्टर आतंकवादी को मार गिराया जिसकी पहचान एक गैर कानूनी आतंकवादी संगठन के बटालियन कमांडर के रूप में हुई। आतंकवादी गोलीबारी के समक्ष अडिग निश्चय का प्रदर्शन करते हुए वह बिजली की सी कौंध के साथ आगे बढ़े तथा बहादुरीपूर्ण कार्रवाई करते हुए अकेले ने ही दूसरे आतंकवादी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। फिर वह घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए। उन्होंने अपने पार्टी कमांडर का जीवन बचाया जो आतंकवादियों की गोलीबारी के सामने थे। उनकी बहादुरीपूर्ण कार्रवाई से टीम को प्रेरणा मिली जिसके परिणामस्वरूप दो कट्टर आतंकवादियों का सफाया हुआ।

राइफलमैन मोहम्मद अब्दुल अमीन भट्ट ने आतंकवादियों से लड़ाई में अद्वितीय वीरता, अदम्य साहस, पहलशक्ति, दृढ़निश्चय का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान किया।

20. **एसएस-42427 लेफ्टिनेंट चुण्डावत प्रशांत सिंह, 16 जाट रेजिमेंट**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 मार्च 2009)

लेफ्टिनेंट चुण्डावत प्रशांत सिंह को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादी घुसपैठ के संबंध में जब सामान्य सूचना मिली वह क्षेत्र दबदबा गश्त पर थे। एकनिष्ठ समर्पण तथा दृढ़ निश्चय के साथ उन्होंने ऊबड़-खाबड़ भू-प्रदेश तथा अत्यधिक बर्फ में से छह घंटे तक आतंकवादियों का पीछा किया। उन्होंने बच निकलने के रास्तों को रोकने के लिए अन्य दलों का भी मार्गदर्शन किया। 20 मार्च 2009 को 0630 बजे आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की जिससे उनके तीन सैनिक घायल हो गए तथा स्वयं को हेलमेट पर गोली लगी। आतंकवादी फायदे की स्थिति में थे। वह बगल से होकर बर्फ और घनी झाड़ियों से रेंगकर आगे बढ़े तथा एक हथगोला फेंका। उन्होंने एक आतंकवादी को निकट की लड़ाई में ठंडा कर दिया। अनुकरणीय साहस के साथ वह दूसरे आतंकवादी के निकट आए जिसने अन्य सैनिक को घायल किया था उसको गुत्थमगुत्था की लड़ाई में मार गिराया। लेफ्टिनेंट चुण्डावत प्रशांत सिंह ने अत्यधिक कठिन परिस्थितियों में सात दिन का ऑपरेशन सफल होने तक नेतृत्व प्रदान किया जिसके परिणामस्वरूप पांच विदेशी आतंकवादियों का सफाया हुआ।

लेफ्टिनेंट चुण्डावत प्रशांत सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के बीच अदम्य साहस, हिम्मत तथा बहादुरी का प्रदर्शन किया।

21. **9101356 हवलदार राकेश कुमार, 1 पैराच्यूट रेजिमेंट, (विशेष बल) (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 मार्च 2009)

उत्तरी कश्मीर के घने जंगलों में घुसपैठ कर रही टुकड़ी का पीछा करते समय 21 मार्च 2009 को हवलदार राकेश कुमार तथा अन्य सैनिकों पर आतंकवादियों द्वारा भारी गोलीबारी कर दी गई जिसके परिणामस्वरूप दल के नेता सहित गंभीर रूप से हताहत हो गए। निर्भीक रहते हुए उन्होंने स्थिति को अपनी कमान में लिया तथा अपने दस्ते को शीघ्रता से तैनात किया तथा आतंकवादियों को मशीनगन से कारगर गोलीबारी करके उलझाया। व्यक्तिगत सुरखा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अंधाधुंध तथा सघन गोलीबारी के बीच वह रेंगकर घायल कमांडो के पास गए तथा उनमें से तीन को सुरक्षित बचाया। इस प्रक्रिया में उन्हें गोलियों के कई घाव लगे परंतु आगे रहकर नेतृत्व करते हुए उन्होंने आतंकवादियों पर गोलीबारी जारी रखी तथा हथगोला फेंककर उनमें से दो को मार डाला। निःस्वार्थ तथा साहसिक कार्रवाई से आतंकवादियों का ध्यान बंट गया तथा इसके परिणामस्वरूप उनके साथियों को सुरक्षा मिली।

हवलदार राकेश कुमार ने दल भावना, सखा भाव तथा धैर्य का प्रदर्शन किया तथा आतंकवादियों से लड़ते समय भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान किया।

22. **13625790 नायक मनोज सिंह, 1 पैराच्यूट रेजिमेंट, (विशेष बल) (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मार्च 2009)

नायक मनोज सिंह उत्तरी कश्मीर में कार्यरत उनके दल के आक्रमण दस्ते के सदस्य थे। 22 मार्च 2009 को उनके दस्ते को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक गांव तक जंगल की ओर से आने वाले रास्ते पर दबदबा बनाए रखने का कार्य सौंपा गया था। लम्बे समय तक निगरानी करने के पश्चात, उन्होंने रास्ते पर संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने संदिग्धों को ललकारा जिस पर उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस प्रकार हुई गोलीबारी की लड़ाई में उनको स्वचालित हथियारों से गोलियों की बौछार लगी तथा एक गोली उनके व्यक्तिगत हथियार पर लगी जिससे वह खराब हो गया। अपने दल के सदस्यों की सुरक्षा के संबंध में चिंतित होकर उन्होंने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना हथगोला फेंकते हुए वह आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा एक आतंकवादी का तुरंत काम तमाम कर दिया परंतु इस कार्रवाई के दौरान उनको गोलियों के अनेक घाव लगे। अडिग रहते हुए लहूलुहान उन्होंने दूसरे आतंकवादी को रणनीतिक कौशल से मात दी तथा घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पूर्व गुत्थमगुत्था की लड़ाई में उसे अपनी पिस्तौल से मार गिराया।

नायक मनोज सिंह ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अनुकरणीय साहस तथा असाधारण दर्जे की वीरता का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान किया।

23. **2795178 सिपाही हनमन्त महादेव येवले, 2 मराठा लाइट इन्फैंट्री**

